2–(फीस का भुगतान)

पंजीकरण सूचनाएँ भरने के पश्चात इसी पृष्ठ पर नीचे दिये गये Pay Now (भुगतान करें) पर क्लिक करने के बाद एक नया पृष्ठ खुलेगा जिस पर आपके द्वारा भरे गये मुख्य विवरण तथा भुगतान की जाने वाली राशि/शुल्क का विवरण भी अंकित होगा । इस विवरण को आप अच्छी तरह देख लें। यदि आप प्रदर्शित किये गये विवरण में कोई परिवर्तन करना चाहते हैं तो Cancel (रद्द करें) के बटन पर क्लिक करके मोबाइल पंजीकरण प्रक्रिया को पुनः दोहरायें।

यदि प्रदर्शित किये गये विवरण से आप सहमत हैं और उनमें किसी प्रकार के परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है तभी You agree that the information displayed above is accurate and no change is required (आप सहमत हैं कि ऊपर प्रदर्शित जानकारी सही है एवं कोई परिवर्तन आवश्यक नहीं है) I Agree to Pay Application Amount (मैं उक्त भुगतान करने के लिये सहमत हूँ) के बाँयीं ओर बने चेक बॉक्स में टिक (√) करें तथा पृष्ठ के अन्त में Pay Now (भुगतान करें) के बटन पर क्लिक करने पर एक नया पृष्ठ खुलेगा जिस पर भुगतान किये जाने वाले शुल्क, आपका नाम, ई–मेल एवं मोबाइल नम्बर प्रदर्शित होगा । इस पृष्ठ पर आपको अपने Address, City, Pin Code, State की प्रविष्टि करनी है।

शुल्क का भुगतान एक अति संवेदनशील प्रक्रिया है । अतः भुगतान सम्बन्धी निर्देश को सावधानी पूर्वक पढ़ें । भुगतान तीन प्रकार से किया जा सकता है –

नेट बैंकिंग द्वारा ....

क्रेडिट कार्ड द्वारा ....

डेबिट कार्ड द्वारा ....

उक्त प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद पृष्ठ पर नीचे की ओर Make Payment पर क्लिक करते ही एक नया पृष्ठ खुलेगा जिस पर आपके द्वारा सफलता पूर्वक भुगतान किये जाने की पुष्टि होगी और आपके मोबाइल पर (Password) पासवर्ड प्राप्त होगा । यहाँ आपको अपने मोबाइल पर एस.एम.एस. (SMS) आने तक कुछ देर संयम रखना होगा। इस पेज को Refresh न करें। **मोबाइल पर आये हुये पासवर्ड के बारे में सलाह दी जाती है कि इस पासवर्ड को अपने पास सुरक्षित रूप से नोट कर लें क्योंकि इसका उपयोग अन्य भावी कार्यो हेतु किया जायेगा।**

इसी पृष्ठ के अन्त में **Click Here to Move to Login Form** (लॉग इन फार्म पर जाने के लिये यहाँ क्लिक करें) के नीचे बने **Sign in** (साइन इन) बटन पर क्लिक करने पर एक नया पृष्ठ खुलेगा ।

ENTER YOUR MOBILE NUMBER (अपना 10 अंकों का मोबाइल नम्बर प्रविष्ट करें) के नीचे अपना 10 अंकों का मोबाइल नम्बर टाईप करें। इसके बाद ENTER YOUR PASSWORD (अपना पासवर्ड प्रविष्ट करें) में अपने मोबाइल पर प्राप्त पासवर्ड टाईप करें। इसके बाद इसी पृष्ठ पर अँग्रेजी के बड़े अक्षरों में दिये गये सुरक्षा कोड को Please Enter Characters Shown Above के नीचे जैसा कोड दिख रहा है ठीक वैसा ही टाईप करें। इसके बाद इसी पृष्ठ के अन्त में दिये गये Submit बटन को क्लिक करते ही एक नया पृष्ठ खुलेगा । इस पृष्ठ पर दिये गये Edit/Sumbit Form पर क्लिक करने पर आप आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर सकते हैं। यदि पहले से प्राप्त (Password) पासवर्ड को बदलना चाहते हैं तो इसी पृष्ठ पर Change Password पर क्लिक कर आप अपना पासवर्ड बदल सकते हैं । यदि इस समय आप अपना आवेदन–पत्र नहीं भरना चाहते हैं तो Log out के बटन पर क्लिक करके आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया से बाहर जा सकते हैं । यदि इस बीच किसी कारणवश आपका कम्प्यूटर बंद हो जाता है या इन्टरनेट कनेक्शन विच्छेदित हो जाता है तो वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर Sign in पर क्लिक कर उक्त प्रक्रिया पुनः दोहरायी जायेगी।

महत्वपूर्ण

शुल्क के भुगतान करने के पश्चात अभ्यर्थियों को यह ज्ञात होना चाहिये कि उनका आवेदन–पत्र तब तक अधूरा रहेगा जब तक उनके द्वारा तीसरे भाग में आवेदन–पत्र भरने/सबमिशन की कार्यवाही पूर्ण नहीं की जाती है ।